हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-09 हरिद्वार, शुक्रवार, 15 मार्च, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

# इंजीनियर हमारे राज्य की प्रगति का मुख्य स्तंभ : मुख्यमंत्री

## सरकार जनता की परेशानी को अपनी परेशानी समझकर उसका कर रही निदान : मुख्यमंत्री

**देहरादून ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ द्वारा आयोजित 'आभार एवं अभिनन्दन समारोह' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महासंघ की विभिन्न लंबित मांगों पर शासनादेश निर्गत किए जाने पर महासंघ पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य के कुशल और प्रतिभाशाली इंजीनियर, राष्ट्र एवं राज्य के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इंजीनियर हमारे राज्य की प्रगति का मुख्य स्तंभ है। उन्होंने कहा राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन अनुसार 21वी सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का बनाने पर निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अंतर्गत बनने वाले बुनियादी ढांचे, विभिन्न विकास योजनाओं, सरकारी भवनों, आदि हमारी प्रदेश में विकास को सुनिश्चित करता है। ऐसे में इन बुनियादी ढांचों /निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चहिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखना तकनीकि संगठनों के ही हम सबकी जिम्मेदारी है। इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें कि राज्य में किसी भी विकास योजना / परियोजना बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर ग्लोबल समिट में 3.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू साइन हुए। अब तक 71,000 करोड़ रुपए एमओयू की ग्रार्उडिंग हो चुकी है। योजनाओ के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने यूआईडीबी का गठन किया है। कालसी में हरीपुर धाम विकसित किया जा रहा है। कैंची धामी, मां पूर्णागिरी मन्दिर का विकास कार्य जारी है। 30 नई नीतियों को लाया गया है। विकास के चौमुखी कार्य प्रगति पर हैं। राज्य सरकार प्रदेश की जनता के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता, सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू, धर्मांतरण कानून, दंगारोधी कानून जैसे बड़े एवं कड़े फैसले लिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान किया है। विभिन्न अभियन्त्रण विभागों में काम कर रहे कनिष्ठ अभियंता और अपर सहायक अभियंताओं के लिए वाहन भत्ते में वृद्धि करने के निर्णय के साथ, प्रथम बार सहायक अभियंताओं को भी वाहन भत्ते के रूप में 4000 रुपए अनुमन्य किए गए हैं, साथ ही 1000 कनिष्ठ अभियन्ताओं को 10 वर्ष की निरंतर सेवा पर उच्च वेतन का लाभ प्रदान किया गया है। कनिष्ठ अभियन्ताओं को अपर सहायक अभियन्ता के पदों में वेतन विसंगति को दूर करने का निर्णय भी लिया गया है । इससे निश्चित ही सरकार के प्रयासों के माध्यम से कनिष्ठ अभियन्ताओं और सहायक अभियन्ताओं के मनोबल में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता की परेशानी को अपनी परेशानी समझकर उसका निदान कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ चलने का मंत्र दिया है। हम समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। देवभूमि को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाना हम सब की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रान्तीय अध्यक्ष, एस0एस0 चौहान, महासचिव मुकेश रतूड़ी, संरक्षक डी.सी. नौटियाल , हरीश नौटियाल, यू.एस महर एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# इएमए के चिकित्सकों ने खेली फूलों की होली

## हर्षोल्लास व आपसी सौहार्द का पर्व है होली-डा.केपीएस चौहान

हरिद्वार, संवाददाता। इएमए के सौजन्य से बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर अलीपुर आनन्द नगर बहादराबाद मे होली मिलन समारोह प्रदेश अध्यक्ष डा. मुकेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें सभी ने एक दूसरे फूलों की होली खेली और चन्दन का टीका लगा कर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर इएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.केपीएस चौहान ने कहा कि होली शान्ति एवं हर्षोल्लास व आपसी सोहार्द का त्यौहार है। सभी धर्मो के लोग आपस में मिलकर सादगी से होली का त्यौहार मनाएं। इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि किसी बीमार व्यक्ति को रंग नहीं लगाना चाहिए और प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें। सिंथेटिक रंग एवं पेंट, कीचड़, गोबर बिल्कुल न लगाएं। होली मिलन समारोह में डा.एमटी अंसारी, डा.ऋचा आर्य, डा.नीलम भारती, डा.बीबी कुमार, डा.कमलेश शर्मा, डा.संजय मेहता, डा.अमरपाल अग्रवाल, डा.सुनील अग्रवाल, डा.मनोज पवांर, डा.राकेश कुमार, डा.संदीप पाल, साहिल कश्यप, शिवांगी कल्याण, हीना कुशवाहा, मंजुला होलकर, रूद्राक्षी, लक्ष्मी कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने की स्वर्गीय संजय कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रतिनिधि के तौर पर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने कनखल स्थित शमशान घाट पहुंचकर बीजेपी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष स्वर्गीय संजय कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दिवंगत पुण्यात्मा की शांति की कामना की। जिलाधिकारी ने स्वर्गीय संजय के वाहन दुर्घटना में असामयिक मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया व दुर्घटना में घायल अन्य परिजनों का हाल-चाल जाना तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



शमशान घाट पहुंचकर एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल, एसडीएम अजयवीर सिंह, सीओ जूही मनराल, बीजेपी जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा सहित विभिन्न व्यक्तियों द्वारा भी दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

# सड़क दुघर्टना में भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह की मौत

## पत्नि, बेटा व बेटी घायल

हरिद्वार, संवाददाता। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। दुर्घटना में उनकी पत्नि, बेटा व बेटी भी घायल हो गए। बेटी की हालत गंभीर है। सभी का बहादराबाद स्थित जया मैक्सवेल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही रानीपुर विधायक आदेश चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, लव शर्मा, आशु चौधरी, सचिन शर्मा, नागेंद्र राणा, विकास तिवारी आदि अस्पताल पहुंचे और संजय सिंह की मौत पर दुख जताते हुए घायलों का हालचाल जाना।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय सिंह पत्नि सुमन देवी, बेटे अभिजीत और बेटी तनुश्री के साथ सहारनपुर में विवाह समारोह में शामिल होने के बाद कार से हरिद्वार लौट रहे थे। पथरी पुल के पास एक तेज रफ्तार डम्पर ने उनकी कार को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें कार चला रहे संजय सिंह, उनकी पत्नि, बेटा व बेटी बुरी तरह घायल हो गए। इस बीच डम्पर चालक मौके से फरार हो गया। सभी घायलों को बहादराबाद स्थित जया मैक्सवेल अस्तपाल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने संजय सिंह को मृत घोषित कर दिया। संजय सिंह की पत्नि, बेटे व बेटी का अस्तपाल में इलाज चल रहा है। बेटी तनुश्री (15 वर्ष) की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। बहादराबाद बाजार चौकी प्रभारी प्रदीप राठौर ने बताया कि एक्सीडेंट कैसे हुआ इस संबंध में अभी कुछ कहना संभव नहीं है। दुर्घटना में घायल हुए लोग भी अभी कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं है। डम्पर को कब्जे में ले लिया गया और फरार ड्राईवर की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नगर विधायक मदन कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, भाजपा नेता विशाल राठौर, तीर्थपाल रवि, डा.विशाल गर्ग, दीपक टंडन, शोभाराम प्रजापति, आदेश सैनी ने भी संजय सिंह की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## गांजे समेत गिरफ्तार किया

हरिद्वार, संवाददाता। नगर कोतवाली पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। मादक पदार्थो की तस्करी और बिक्री करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपी समीर पुत्र मुस्तकीम निवासी बंजारों वाली गली मोहल्ला पांवधोई ज्वालापुर के कब्जे से कब्जे से 2 किलो 556 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में एसआई हाकम सिंह, कांस्टेबल सौरभ और अमित गौड़ शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# मताधिकार का करें प्रयोग

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हर नागरिक को वोट देने का मूल अधिकार है। उन्हें अपने नेता का चयन करने का अधिकार है जो देश का नेतृत्व करने में सक्षम हों, आम लोगों की समस्याओं का समाधान कर सकें, परिवर्तन ला सकें आदि। देश का भविष्य आने वाले नेता के चुनाव में निहित रहता है, इन नेताओं को हम वोट देकर उन्हें चुनते हैं। यदि आपके पास वोटर कार्ड या वोट देने का पूरा अधिकार है और उसके बाद भी आप वोट देने के लिए नहीं जा रहे हैं तो पूरी तरह से गलत है। आप अपने वोट के माध्यम से अपने मनपसंद नेता का चुनाव कर रहे हैं। यदि चुनाव में सही नेता का चयन नहीं होता है तो उसका परिणाम भी आपको ही भुगतना होगा। वो अगले 5 साल के लिए आपके इलाके के लिए उस पद पर रहेगा ही। इसी वजह से युवाओं को चुनाव में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। यदि आज सही नेता का चुनाव हो जाएगा तो वो आने वाले समय के लिए बेहतर काम करके जाएगा। चुनाव आयोग किसी व्यक्ति को उस स्थान पर मतदान करने की अनुमति देता है जिस इलाके की मतदाता सूची में उसका नाम हो, आप उसके निर्धारित बूथ पर ही वोट डाल सकते हैं। यदि मतदाता अपना निवास स्थान बदलता है तो उसे चुनाव आयोग को सूचित करना चाहिए। जब व्यक्ति की उम्र 18 साल की हो जाती है तो भारत का संविधान उस नागरिक को मतदान का अधिकार देता है। वोट डालने के लिए वोटर को अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाना पड़ता है और वोटर कार्ड बनवाना होता है। अब चूंकि लोकसभा के चुनाव हैं तो सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभायें।

## आपके जूते कैसे कर रहे हैं आपको बीमार? कहीं आपके पास भी तो ये वाले नहीं हैं?

आजकल मार्केट में तरह-तरह के डिजाइन, लुक, ब्रांड वाले जूते आ गए हैं. लोग ब्रांड और कीमत देखकर जूतों को खरीदते हैं. क्या आप जानते हैं कि जिन जूतों को आप इतनी पसंद से खरीदते हैं वे आपको बीमार भी बना सकते हैं. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जूतों की वजह से आर्थराइटिस, घुटने की दिक्कत, नॉकनिक, फ्लैटफिट और बोलैग जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. हाल ही में हुए एक रिसर्च में बताया गया कि जूतों को कंफर्ट के अनुसार न खरीदने से 23 प्रतिशत युवा खिलाड़ी वक्त से पहले ही अनफिट हो जाते हैं. आइए जानते हैं क्या कहता है रिसर्च और कहीं आप भी तो इन जूतों को नहीं पहन रहे हैं...

**क्या कहता है जूतों पर हुआ रिसर्च**

जूतों को किस आधार पर चुनना चाहिए, इसे लेकर क्रेश्चन बेस सर्वे किया गया. जिसमें 15-25 साल तक के 1000-1500 खिलाड़ियों से कुछ सवाल पूछे गए. सर्वे में पाया गया कि बॉडी के बैलेंस और पैरों के आर्क के अनुसार, जूते न पहनने से पैरों में परेशानियां आने लगती हैं, जो आगे चलकर पैरों को सही विकास को भी रोक सकती है. ये दिक्कत अर्थराइटिस, घुटने की दिक्कत, नॉकनिक, फ्लैटफिट और बोलैग की भी हो सकती है. इसी वजह से 25ल खिलाड़ी युवा होते ही अनफीट हो जाते हैं.

**बच्चों को न पहनाएं इस तरह के जूते**

ये रिसर्च स्पोर्ट्स शूज पर की गई पहली रिसर्च है. जिसमें बताया गया कि पैरेंट्स में बच्चों को बड़ा जूता दिलाने की आदत गलत है, क्योंकि बड़े जूते पहनने से बच्चों के पैरों का विकास काफी हद तक प्रभावित होता है, जो आगे चलकर कई तरह की परेशानियों का कारण बन सकता है. रिसर्च में बताया गया कि विदेशों में जूते बेचने वाली कंपनियां कस्टमर्स के पैरों की बनावट के हिसाब से जूते तैयार करती हैं. ये महंगा तो होता है ल्किन पैरों की सेहत के लिए सही होता है, जबकि भारत में ऐसा नहीं होता है.

किस तरह के जूते खरीदने चाहिए

इस रिसर्च में बताया गया कि खिलाड़ी हो या आम आदमी जूते सस्ते, सुंदर और टिकाऊ देखकर खरीदते हैं. जो कि गलत है, अगर आप भी इस तरह के जूते पहन रहे हैं तो तुरंत अपनी आदत बदल लें, क्योंकि जूते हमेशा कंफर्ट को देखकर ही खरीदने चाहिए. शरीर के हिसाब से भी जूतों का चयन करना चाहिए. जूते कितनी देर तक पहन सकते हैं, इसका भी ख्याल रखना चाहिए. इसलिए जूते वहीं खरीदने चाहिए जो पैरों के लिए आरामदायक हों.

# हिंदी भारत में सर्वोच्च सम्मान की हकदार

**संजीव ठाकुर**




देश की स्वतंत्रता के सात दशक गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है ? राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो।

यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफ़ेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। इस प्रयोजन में इन पंक्तियों का लेखक भी शामिल था,कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

**निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।**
**बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।**

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।

14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार-प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं। सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी। हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी शासन ने अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया है जिनमें कक्षाओं कवि सम्मेलन नाटकों संगोष्ठी में हिंदी अनुसंधान ओ हिंदी टंकण आदि के बढ़ावा देने के साथ हिंदी पत्र-पत्रिकाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है दूसरी तरफ कंप्यूटर, इंटरनेट, ई बुक, विज्ञापन ,टेलीविजन तथा अन्य मीडिया के साधनों के क्षेत्र में हिंदी का अधिकतम उपयोग करने की समझाइश दी गई है, ताकि इसका विकास एवं संवर्धन किया जा सके। हिंदी भाषा भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, श्रीलंका जैसे देशों में बोली वह समझी जाती है। हिंदी के विशेष प्रचार प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। वैसे वैश्विक स्तर पर 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा लागू की गई है। हिंदी के प्रचार प्रसार तथा संवर्धन के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने कहा था हिंदी का प्रचार और विकास अब कोई रोक नहीं सकता है।

# राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**देहरादून( ब्यूरो)।** राज्य कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने परिवहन विभाग के अंतर्गत उत्तराखंड स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति 2024 को मंजूरी प्रदान कर दी है। पायलट प्रोजेक्ट देहरादून में चलेगा। सिटी बस एवं विक्रम संचालकों को पर्यावरण फ्रेंडली इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को क्रय करने के लिए सब्सिडी इत्यादि के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

राज्य कैबिनेट की बैठक सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली द्वारा पत्रकारों को दी गई। कैबिनेट ने उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा नियमावली को मंजूरी प्रदान कर दी है। कार्मिक विभाग के अंतर्गत ज्येष्ठता नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई। एक चयन के स्थान पर एक चयन वर्ष को मंजूरी प्रदान की गई। वन पंचायत संशोधन नियमावली को मंजूरी दी गई है। इको टूरिज्म आदि को बढ़ावा दिया जाएगा। शहरी विकास विभाग के अंतर्गत हरिद्वार में यूनिटी मॉल के निर्माण को 0.9 हेक्टेयर भूमि हरिद्वार विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित होगी। न्याय विभाग के अंतर्गत बागेश्वर, चंपावत, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी में कुटुंब न्यायालयों में 18 पदों को मंजूरी प्रदान की गई। न्याय विभाग के अंतर्गत देहरादून, हरिद्वार व रुड़की में पारिवारिक न्यायालयों की स्थापना होगी। 9 पदों को मंजूरी दी गई है।

# मुख्यमंत्री ने किया दिल्ली से पिथौरागढ़ हेतु प्रारम्भ हो रही एलायंस एयर की हवाई सेवा का औपचारिक शुभारम्भ

**देहरादून( संवाददाता)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कैम्प कार्यालय, देहरादून में दिल्ली से पिथौरागढ़ हेतु प्रारम्भ हो रही एलायंस एयर की हवाई सेवा का औपचारिक शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए आज औपचारिक रूप से विमान सेवा का शुभारंभ कर दिया गया है। विमान के संचालन से सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में एयर कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी। साथ ही सीमांत जनपदों एवं देश की राजधानी की कनेक्टिविटी सीधे तौर पर जुड़ जायेगी। उन्होंने कहा पिथौरागढ़ से दिल्ली जाने में 12 से 15 घंटे लगते हैं। इस सेवा के शुरू होने से यात्रियों को सुविधा होगी एवं समय की बचत होगी। साथ ही पिथौरागढ़ क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही में भी भारी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर सीमांत क्षेत्र का विकास शीर्ष प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में हवाई सेवा का विस्तार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि एलायंस एयर विमान दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल टी-3 से पिथौरागढ़ नैनीसैनी एयर पोर्ट के लिए



आगामी अप्रैल माह से नियमित रूप से चलेगा। जिसका किराया लगभग 7000 होगा तथा पिथौरागढ़ से दिल्ली की यात्रा में करीब 1 घंटा लगेगा। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, अपर सचिव सी. रविशंकर, स्टेशन मैनेजर अलाईनस एयर आरती शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तीर्थनगरी में मनाया गया फूलदेई पर्व

**ऋषिकेश( संवाददाता)।** तीर्थनगरी के विभिन्न क्षेत्रों में लोकपर्व फूलदेई बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छोटी बालिकायों ने घर के मुख्य द्वारा की देहरी पर फूल बिखेर घरवालों की खुशहाली की कामना की। गुरुवार को उत्तराखण्ड के पारंपरिक लोकपर्व फूलदेई पर तीर्थनगरी के घरों के बाहर देहरी पर पुष्प बिखरे नजर आए। लोकपर्वों के संरक्षण और संवर्धन की पैरवी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजे सिंह नेगी ने उग्रसेन नगर स्थित अपने आवास और सोसायटी में लोकपर्व फूलदेई मनाया। इस दौरान उनकी दोनों बेटियों और सहेलियों ने सोसायटी के अधिकतर घरों की देहरी पर पुष्प बिखेरे।

## राज्य में सारे नागरिकों की सुरक्षा सरकार की जिमेदारी, विपक्षी दलों, जन संगठनों ने उठायी आवाज

**देहरादून( संवाददाता)।** विपक्षी दलों एवं जन संगठनों ने मांग उठायी कि उत्तराखंड राज्य में सरकार पक्षपात और दमनकारी कदम उठाने के बजाय हर नागरिक की सुरक्षा के लिए तुरंत कदम उठाए। हल्द्वानी में निर्दोष दुकानदारों को धर्म के आधार पर निशाना बनाया गया था जिसपर कोई कारवाई नहीं दिख रही है। जब सरकार कह रही है कि दंगाइयों पर सख्त कारवाई की जायेगी, तो यह बात ऐसी घटनाओं पर क्यों लागू नहीं हो रहा है? गैर कानूनी तरीकों से लोगों को हिरासत में रखा जा रहा है, आठ फरवरी को हुई निंदनीय हल्द्वानी के बाद वनभूलपुरा क्षेत्र में लोगों की संपतियों एवं गाड़ियों पर हुई तोड़ फोड़ पर कोई जांच नहीं, और कानूनी प्रक्रिया की धज्जिया उड़ा कर लोगों को बेदखल किया जा रहा है। हल्द्वानी में आज हो रहा संयुक्त कार्यक्रम को समर्थन करते हुए और इन मुद्दों को उठाते हुए विपक्षी दलों एवं जन संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी देहरादून द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपवाया। प्रतिनिधि मंडल में इंद्रेश मैखुरी, राज्य सचिव, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मा ले)य गंगाधर नौटियाल, प्रदेश महामंत्री, ऑल इंडिया किसान सभाय शंकर गोपाल, राजेंद्र शाह एवं मुकेश उनियाल, चेतना आन्दोलनय राजेन्द्र पुरोहित जिला सचिव ,अनंत आकाश,देहरादून सचिव, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)य लताफत हुसैन, केन्द्रीय महामंत्री उत्तराखण्ड क्रान्ति पार्टीय नवनीत गुंसाई केन्द्रीय अध्यक्ष एवं वालेश बबानिया मुख्य महासचिव राष्ट्रीय उत्तराखण्ड पार्टीय भगवन्त सिंह पयाल उपाध्यक्ष एवं रविन्द्र नौडियाल, कोषाध्यक्ष सीआईटीयू य एजाज अहमद उपाध्यक्ष एस एफ आईय आजम खान महानगर अध्यक्ष भीम आर्मी य सुरेश कुमार अध्यक्ष उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी परिषदय प्रभात डण्डरियाल, अध्यक्ष नेताजी संघर्ष समितिय अर्जुन रावत ,पेटवाल, सीपीएम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे ।

## यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**देहरादून, ब्यूरो।** यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पर राष्ट्रपति की मुहर लग गई है। राज्यपाल ने यूसीसी विधेयक राष्ट्रपति को भेजा था। संविधान की समवर्ती सूची का विषय होने के कारण बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्ट्रपति को भेजा गया था। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। अब नियमावली बनने के बाद इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा। राज्यपाल ने यूसीसी विधेयक राष्ट्रपति को भेजा था। राजभवन ने इस पर विचार करने के बाद विधायी विभाग को भेजा था। विधायी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है। चूंकि यह संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्ट्रपति को भेजा गया था। उत्तराखंड विधानसभा से यूसीसी बिल पास होने के बाद इसे राजभवन भेजा गया था। इस पर राष्ट्रपति भवन को फैसला लेना था। अब राष्ट्रपति से मुहर लगने के बाद यूसीसी राज्य में कानून लागू हो जाएगा। आजादी के बाद देश का पहला समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखंड 2024 विधानसभा में पास हो गया था।

# पीएम मोदी ने किया प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोज़गार आधार जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च

**देहरादून (संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोज़गार आधार जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया और देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों को ऋण सहायता स्वीकृत की। उन्होंने अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कार्यकर्ताओं सहित वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) के तहत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित किए।



इस कार्यक्रम की स्क्रीनिंग राजभवन देहरादून में भी हुई। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्यक्रम में नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) के तहत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट वितरित किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वंचित और अंत्योदय वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता का परिणाम है। विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए योजनाओं का लाभ दूरस्थ एवं अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिले यह हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन योजनाओं को वंचित और पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार आज विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत हर योजना को आखिरी लाभार्थी तक पहुंचाकर उसे लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है जिससे उन्हें मुख्यधारा में लाया जा सके।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सफाई मित्रों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी श्रमिक अग्रिम पंक्ति में योद्धा की भांति कार्य करते हैं और अपनी मेहनत के बल पर समाज में एक नया बदलाव ला रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि हाशिए पर खड़े लोगों का सामाजिक सशक्तिकरण किसी भी समाज के लिए सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए। कमजोर और वंचित वर्ग को उनका पूरा हक मिले इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इनको सशक्त करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। पीएम-सूरज और नमस्ते इकोसिस्टम भी समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण के लिए सराहनीय पहल है। यह योजनाएं स्पष्ट रूप से दलितों एवं वंचितों के उत्थान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से सभी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, सविता कपूर, जिला पंचायत अध्यक्ष देहरादून मधु चौहान, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, अनिता ममगाई, निदेशक शहरी विकास नितिन सिंह भदौरिया, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, डीएम देहरादून सोनिका, सीडीओ झरना कमठान, नगर आयुक्त गौरव कुमार, सहायक नगर आयुक्त शांति प्रसाद जोशी, सहायक निदेशक शहरी विकास विनोद सुमन सहित योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालयों को शीघ्र मिलेंगे 117 योग प्रशिक्षक



**देहरादून ( संवाददाता )।** सूबे के राजकीय महाविद्यालयों में शीघ्र ही 117 योग प्रशिक्षकों की तैनाती की जायेगी। उच्च शिक्षा विभाग ने इसके लिये भर्ती विज्ञप्ति जारी कर दी है। महाविद्यालयों में योग प्रशिक्षकों को आउटसोर्स के माध्यम से अस्थाई रूप से 11 माह के लिये तैनाती दी जायेगी। इस दौरान इन्हें प्रत्येक दिन 300 रूपये प्रतिवादन अथवा अधिकतम 18 हजार रूपये प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी को रोजगार प्रयाग पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ योग प्रशिक्षण देने के दृष्टिगत नवीन शैक्षिक सत्र से नियत वेतनमान पर 117 योग प्रशिक्षक तैनात किये जायेंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। राजकीय महाविद्यालयों में योग प्रशिक्षकों को आउटसोर्स से अस्थाई रूप से 11 माह के लिये रखा जायेगा। इस अवधि में इन्हें प्रति दिन 300 रूपये प्रतिवादन या फिर अधिकतम 18 हजार रूपये प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा।

योग प्रशिक्षक के लिये अभ्यर्थी को किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से योग, योग विज्ञान, योग चिकित्सा, योग शिक्षा में स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि धारक होना जरूरी है। इसके अलावा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा योग शिक्षा में प्रतिष्ठित संस्थान से योग, योग विज्ञान, योग चिकित्सा, योग शिक्षा में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा या समकक्ष उपाधि धारक भी योग प्रशिक्षक पद के लिये आवेदन कर सकता है। इसके साथ ही अभ्यर्थी के पास योग शिक्षा में अध्यापन एवं प्रशिक्षण का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। उक्त अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी को रोजगार प्रयाग पोर्टल (rojgarprayag .uk.gov.in) पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

रोजगार प्रयाग पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों को एक पद के सापेक्ष तीन लोगों को विभाग द्वारा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार कमेटी के चयन के उपरांत अंतिम चयन सूची आउटसोर्स कंपनी को उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके पश्चात चयनित योग प्रशिक्षितों को महाविद्यालयों में तैनाती दी जाएगी।इन योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति से महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ योगाभ्यास करने का भी अवसर मिलेगा।

# महिला दिवस पखवाड़े के तहत महिला सम्मेलन का आयोजन




**चंपावत ( संवाददाता )।** महिला विकास संकुल संघ खर्ककार्की चंपावत द्वारा महिला दिवस पखवाड़े के तहत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन की मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख चंपावत श्रीमती रेखा देवी ने महिलाओं को समूह व संघ के माध्यम से व्यवसायिक गतिविधियों से जुडकर आत्मनिर्भरता हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया , तथा महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए रीप के सहायक प्रबंधक संस्थाएं प्रकाश पाठक द्वारा उपस्थित महिलाओं को अधिकार व कर्तव्यों , आर्थिक सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील करते हुए महिला दिवस का इतिहास एवं महत्व की जानकारी दी गई। सम्मेलन में ब्लाक प्रमुख द्वारा पांच लखपति दीदी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयाइस मौके पर समूहों की महिलाओं द्वारा स्थानीय उत्पाद पापड, चिप्स, रंगोली,आदि की प्रदर्शनी भी लगायी , कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष सुनीता सेठी द्वारा की गई ।

सम्मेलन में आर बी आई इंक्यूबेशन मैनेजर पंकज बिष्ट, क्षेत्र समन्वयक एन आर एल एम मीना चंद्रा, ग्राम विकास अधिकारी आशा गोस्वामी, रीप कृषि प्रसार अधिकारी प्रियंका बिष्ट,जगदीश जोशी, नवीन बिष्ट,भावना सेठी, कमला देवी आदि ने विचार रखे।

# रंगकर्मी एसपी ममगाईं ने काबीना मंत्री सुबोध उनियाल को भेंट की 'उत्तराखंड के ऐतिहासिक नाटक' पर आधारित पुस्तक

**देहरादून ( संवाददाता )।** प्रख्यात रंगकर्मी और मेघदूत नाट्य संस्था के संस्थापक एस. पी. ममगाईं ने अपनी सद्य प्रकाशित पुस्तक 'उत्तराखंड के ऐतिहासिक नाटक' गुरुवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल को उनके निवास पर भेंट की। उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार दिनेश शास्त्री भी मौजूद थे। श्री उनियाल ने रंगकर्मी ममगाई जी को उनकी कर्मठता के लिए बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आज के दौर में रंगकर्म आसान नहीं है, इसके बावजूद उनका जज्बा नई पीढ़ी को प्रेरित करता है और यह खुशी की बात है कि उनके अनेक शिष्य आज फिल्म, थियेटर, मीडिया तथा निष्पादन कला के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं।



उन्होंने श्री ममगाई के दीर्घजीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका काम अपने आप में विशिष्ट है और लंबे समय तक याद किया जाता रहेगा। श्री ममगाई ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि अन्य विभागों के साथ ही उन्होंने प्रदेश के भाषा विभाग को नए मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने श्री उनियाल को इस कार्य के लिए बधाई दी। गौरतलब है कि श्री ममगाई की हाल में प्रकाशित उत्तराखंड के ऐतिहासिक नाटक पुस्तक में एक नाटक अमरदेव तथा तिलोगा की प्रेम कथा की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है और दूसरा नाटक वीरबाला तीलू रौतेली के शौर्य पर आधारित है। दोनों नाटक आंचलिक पृष्ठभूमि के होने के कारण काफी महत्वपूर्ण हैं और नई पीढ़ी को अपने अतीत का बोध भी कराते हैं। अमरदेव और तिलोगा की गाथा में सात्विक प्रेम का अवगुंठन पाठकों को एक नए धरातल पर पहुंचाता है जबकि दूसरा नाटक तीलू के शौर्य और मातृभूमि के प्रति प्रेम को दर्शाता है। इस पुस्तक का प्रकाशन समय साक्ष्य ने किया है।

# लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा मसूरी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**देहरादून ( संवाददाता )।** वीरवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के न्यू कैंट रोड़ सालावाला स्थित दून वन काम्प्लेक्स में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी, टिहरी लोकसभा के अंतर्गत मसूरी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भारत का नेतृत्व एक ऐसा व्यक्तित्व कर रहा है। जिसने देश का मान सम्मान विश्व में ऊंचा किया है। उन्होंने कहा 10 वर्षो में कई ऐतिहासिक कार्य हुए है। मंत्री जोशी ने कहा कि जहां अन्य पार्टियों ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर पाएं हैं ,वहीं भारतीय जनता पार्टी ने सभी प्रत्याशियों को घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा पिछले चुनाव में 21 हजार से अधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह की जीत दिलाई थी। उन्होंने कहा नेतृत्व को भरोसा दिलाया है कि इस बार 31 हजार से अधिक मतों से टिहरी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाएंगे।

उन्होंने कहा जहां 400 पार का नारा हम साकार करने जा रहे हैं। वहीं उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटें भाजपा दुगने अंतर से जीतने वाली है, यह उत्साह कार्यकताओं में साफ दिख रहा है। मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान भी किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ बीजेपी नेता और दर्जाधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, देवेंद्र भसीन, कैलाश पंत, मेयर सुनील उनियाल गामा, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी कमली भट्ट, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, ज्योति कोटिया, निरंजन डोभाल, महानगर मंत्री सुरेन्द्र राणा, हेमंत जुयाल, राजेन्द्र अग्रवाल सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक आज सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय में संपन्न हुई। इस दौरान बैठक में सार्वजनिक परिवहन को लेकर उत्तराखंड स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति 2024 को मंजूरी दे दी गई। इससे शहरी क्षेत्रों में पुराने डीजल आधारित बसों, विक्रम और टैम्पो से हो रहे प्रदूषण को कम किया जा सकेगा।इसमें सीएनजी गाड़ी लेने में 15 लाख या 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही स्क्रैप किए बिना गाड़ी देंगे तो 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी।

# सीडीओ ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ग्राउण्ड स्तर पर कार्य करने के दिए निर्देश

**देहरादून ( सू.का )।** । मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप झरना कमठान ने ऋषिपर्णा सभागार में समस्त एआरओ के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर बूधवार मतदान प्रतिशत् लक्ष्य निर्धारित करने तथा मतदान प्रतिशत् बढाने के लिए ग्राउण्ड स्तर पर कार्य करने तथा जागरूकता गतिविधि संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल टीम तथा वॉलिंटियर्स के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। न्यून मतदान वाले बूथ पर विशेष फोकस करते हुए प्रभावी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिनका देश सामना कर रहा है : राहुल गांधी



धुले ,एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिनका देशवासी सामना कर रहे हैं. उन्होंने केंद्र सरकार पर इन महत्वपूर्ण मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया. अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान महाराष्ट्र के धुले जिले के दोंडाइचा गांव में लोगों से बातचीत करते हुए गांधी ने कहा कि देश में जाति आधारित जनगणना कराना एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम साबित होगा. राहुल गांधी के साथ ही उनकी पार्टी का कहना है कि यदि वे सत्ता में आते हैं तो देश में जाति आधारित जनगणना कराएंगे. उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना के बाद आर्थिक और वित्तीय सर्वेक्षण अगला कदम होगा जिससे दलितों, सामान्य वर्ग के गरीब लोगों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों को यह पता चल सकेगा कि वे कहां खड़े हैं.

उन्होंने कहा कि देश की जनता को बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है. राहुल गांधी ने यह दावा किया कि मीडिया, निर्वाचन आयोग, प्रशासन, निजी अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे क्षेत्रों में सामान्य वर्ग के गरीबों, दलितों, आदिवासियों या अल्पसंख्यकों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अमीरों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिये हैं तो वह किसानों का बकाया माफ क्यों नहीं कर सकती? पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि देश में 22 लोग ऐसे हैं जिनके पास 70 करोड़ लोगों के बराबर संपत्ति है. उन्होंने कहा, पचास फीसदी आबादी के पास देश की तीन फीसदी संपत्ति है, जबकि देश में 22 लोग ऐसे हैं जिनके पास 50 फीसदी से ज्यादा संपत्ति है. चूंकि आप सवाल नहीं पूछते हैं, इसलिए केंद्र सरकार आसानी से आपका ध्यान भटका देती है. सशस्त्र बलों में सैनिकों को अल्पकालिक तौर पर शामिल करने की केंद्र की अग्निपथ योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को शहीद का दर्जा या पेंशन नहीं मिलेगी. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पेंशन और सैनिकों के प्रशिक्षण पर खर्च होने वाली राशि को निजी कंपनियों के रक्षा व्यवसाय में लगाना चाहती है. राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' अपने आखिरी चरण में मंगलवार को महाराष्ट्र पहुंची. यात्रा का समापन 17 मार्च को मुंबई में होगा.

## भाजपा और उसके सहयोगियों में सीट बंटवारा तय, एनसीपी को मिलीं 4 सीटें

मुंबई,एजेंसी। महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल भाजपा, शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच लोकसभा सीटों को लेकर जारी गतिरोध टूट गया है।तीनों पार्टियों में सीटों पर सहमति बन गई है, जिसके तहत भाजपा सबसे अधिक 31 सीटों पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। दूसरी तरफ शिवसेना 13 सीटों और एनसीपी 4 सीटों पर अपनी उम्मीदवार उतारेंगी।महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं और ये बेहद अहम राज्य है। सूत्रों के अनुसार, एनसीपी को जो 4 सीटें दी गई हैं, उनमें बारामती, रायगढ़, शिरूर और परभणी शामिल हैं।बारामती को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है, जिसका दशकों से इस सीट पर कब्जा है।हालांकि, इस बार यहां परिवार में ही आपसी मुकाबला होगा क्योंकि अजित पवार ने बगावत कर एनसीपी को शरद पवार से छीन लिया है।यहां शरद की बेटी सुप्रिया सुले और अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार के बीच मुकाबला हो सकता है।

अन्य सीटों की बात करें तो एनसीपी ने रायगढ़ सीट से मौजूदा सांसद और प्रदेश प्रमुख सुनील तटकरे को मैदान में उतारा है। उनका यहां उद्धव ठाकरे की शिवसेना के अनंत गीते से मुकाबला हो सकता है।शिरूर से एनसीपी प्रदीप कांड और अधलराव पाटिल में से किसी एक को उतार सकती है। पाटिल पूर्व शिवसेना सांसद हैं, वहीं कांड पुणे के एक जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष हैं। एनसीपी परभणी से राजेश विटेकर को उतार सकती है। दरअसल, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना राज्य में 18 सीटें मांग रही थी। इन सीटों पर पिछली बार अविभाजित शिवसेना के सांसद जीते थे।इसी तरह एनसीपी 10 सीटों पर अड़ी हुई थी। पिछली बार अविभाजित एनसीपी कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ी थी और उसने 19 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे।इन मांगों के विपरीत भाजपा राज्य में अपने ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवार उतारना चाहती थी, ताकि राज्य में उसकी स्थिति और मजबूत हो। बता दें कि महाराष्ट्र में एनडीए का मुकाबला विपक्षी पार्टियों के इंडिया गठबंधन से है। इसमें कांग्रेस, एनसीपी शरद चंद्र पवार और शिवसेना (उद्धव गुट) शामिल हैं। इंडिया में भी सीटों का बंटवारा लगभग तय हो चुका है। इसके तहत शिवसेना (उद्धव गुट) 20, कांग्रेस 18 और एनसीपी शरद चंद्र पवार 10 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी।उद्धव गुट के हिस्से से 2 सीटें वंचित बहुजन आघाडी को दी जाएंगी। स्वतंत्र उम्मीदवार राजू शेट्टी को पवार गुट की सीट मिलेगी।

## झूठ का व्यापार करें बंद, सीएए से किसी की नहीं जाएगी नागरिकता बीजेपी का विपक्ष पर पलटवार

नई दिल्ली ,एजेंसी । लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू हो गया है. सीएए लागू होने के बाद इस कानून के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों - हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी को भारत की नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है, लेकिन इस कानून का फायदा म्यांमार से आए रोहिंग्या, पाकिस्तान के अहमदिया या अफगानिस्तान के हजरा समुदाय को नहीं मिलेगा. इस कानून के लागू होने के बाद देश में सियासी बयानबाजी भी शुरू हो गई है. सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मुद्दे पर आमने-सामने है. बीजेपी ने विपक्ष पर सीएए को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है. बीजेपी का आरोप है कि रोहिंगियां के पक्षधर प्रोपगेंडा कर रहे हैं. विपक्ष झूठ का व्यापार बंद करे. सीएए से देश के नागरिकों का संबंध नहीं है. सीएए से किसी की नागरिकता नहीं जाएगी. शरणार्थी प्रताड़ित होकर भारत आए. दरअसल, 2016 में मोदी सरकार ने पहली बार सीएए को लोकसभा में पेश किया था. उस दौरान लोकसभा से यह कानून पास हो गया, लेकिन राज्यसभा में बहुमत नहीं होने के कारण यह अटक गया. 2019 में मोदी सरकार ने इसे फिर से लोकसभा में पारित कराया और फिर राज्यसभा में भी इस पर मुहर लग गई. 10 जनवरी,2020 को राष्ट्रपति की इसे मंजूरी मिल गई, लेकिन देशभर में इसपर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया. इस दौरान इसे रोक दिया गया. 2024 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सरकार ने इसे लागू कर दिया है. अब इस पर राजनीति भी तेज हो चली है. केंद्र सरकार ने अपने बयान में कहा है कि सीएए के जरिए मिलने वाली नागरिकत वन-टाइम बेसिस पर ही होगी.

# पसीने की बदबू दूर करने के लिए अब महंगे परफ्यूम पर ना लगाए पैसे, इन 7 तेल का करें इस्तेमाल

मॉनसून का सीजन जारी हैं लेकिन उमस से लोग परेशान हो चुके हैं जिसके चलते पसीना होना स्वाभाविक हैं। बॉडी से पसीने की बदबू आना एक सामान्य बात है। लेकिन इसकी वजह से दूसरों के पास खड़े होने में भी शर्मिंदगी महसूस होने लगती हैं। अपने बचाव के लिए लोग कई महंगे परफ्यूम का इस्तेमाल करते हैं ताकि पसीने की बदबू को दबाया जा सके।

आप चाहे जितने महंगे से महंगे डियोड्रेंट का इस्तेमाल कर लें लेकिन इसका असर कुछ ही समय में गायब हो जाता है। ऐसे में आपको जरूरत होती हैं कुदरती तरीकों की। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे तेल की जानकारी देने जा रहे हैं जो पसीने की बदबू दूर करने का कम करेंगे और आपको महंगे परफ्यूम लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आइये जानते हैं इनके बारे में...



**नेरोली ऑयल**

आपको मार्केट में नेरोली ऑयल के कई परफ्यूम मिल जाएंगे। जिनमें नेरोली फूलों की खूशबू मौजूद होती है। लेकिन अगर आप मार्केट से परफ्यूम नहीं खरीदना चाहती तो घर में ही परफ्यूम बना सकती हैं। नेरोली ऑयल को किसी स्प्रे की बोतल में डालकर आप इसे बॉडी पर स्प्रे कर सकती हैं। यह सिर्फ आपको ही नहीं बल्कि आसपास के बाकी लोगों को भी बहुत अच्छी एनर्जी देगा।

**लैवेंडर ऑयल**

आपने स्किन केयर रुटीन में कई बार लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल किया होगा। लेकिन आप इसे नैचुरल परफ्यूम के रुप में इस्तेमाल कर सकती हैं। नियमित तरीके से इसका इस्तेमाल करने से एंग्जायटी और तनाव से भी राहत मिलती है। लैवेंडर ऑयल में इंफ्लामेटरी गुण पाए जाते हैं जो त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। परफ्यूम के तौर पर इसका इस्तेमाल करने के लिए आप नहाने के बाद अंडर आर्म और गर्दन के कुछ हिस्से में इसे लगाएं। इससे आपके शरीर में पसीने की दुर्गंध नहीं आएगी।

**नारियल का तेल**

नारियल तेल शरीर से बदबू हटाने में असरदार होता है। इसमें लॉरिक एसिड पाया जाता है, जो पसीना पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म कर देता है। रात को सोने से पहले शरीर के उन हिस्सों पर नारियल तेल लगा कर हल्की मसाज करें जहां से दुर्गंध आती है। इससे पसीने की बदबू कुछ कम हो जाएगी।

**चंदन का तेल**

आप चंदन का तेल परफ्यूम के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें एक तरह की खास अरोमा मौजूद होती है जो आपके मन और तन को आराम देने में मदद करता है। यह खूशबू पसीना आने से भी रोकती है। परंतु इस तेल का इस्तेमाल आप सीधे त्वचा पर न करें। पहले इसे कपड़ों पर लगा लें। सीधे त्वचा पर लगाने से आपको एलर्जी भी हो सकती है।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक है जो स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया को दूर कर के दुर्गंध पैदा होने से रोकता है। 2 चम्मच पानी में टी ट्री ऑयल की 2 बूंद मिला कर अपने अंडरआर्म्स और अन्य क्षेत्रों पर लगाएं। असरदार रिजल्ट पाने के लिए ऐसा रोज करें।

**गुलाब का तेल**

आप गुलाब का तेल भी नैचुरल परफ्यूम के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। त्वचा के लिए यह काफी फायदेमंद माना जाता है। यह पसीने की बदबू दूर करने में और मन को अच्छा महसूस करवाने में भी मदद करती है। गुलाब के तेल का इस्तेमाल करने के लिए आप इसे कॉटन पर लगाकर या फिर स्प्रे के रुप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कपूर का तेल**

नहाने के पानी में एक कपूर का तेल मिलाकर नहाने से भी पसीने से बदबू नहीं आती है, साथ ही आप तरोताजा भी महसूस करेंगे। यह नैचुरल एंटीबैक्टीरियल भी है। पसीने की बदबू से छुटकारा दिलाने के साथ-साथ बैक्टीरिया का भी सफाया करता है।

# तुष्टिकरण की राजनीति के बहाने कांग्रेस कर रही पूरी कौम का अपमान : चौहान



**देहरादून ( संवाददाता )।** भाजपा ने सीएए लागू होने पर कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा बनाये जा रहे नकारात्मक वातावरण तथा बयानबाजियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह हिंदू, सिख और अन्य शरणार्थियों को अपराधी तथा दुराचारी बताने का प्रयास कर रहे हैं इसे बहुसंख्यक समाज स्वीकार नही करेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चैहान ने कहा कि केजरीवाल समेत कांग्रेस के नेता जिस तरह हिंदू, सिख व अन्य शरणार्थियों को अपराधी और बलात्कारी बताने की कोशिश कर रहे हैं वह एक पूरी कौम का अपमान है। जिसका माकूल जबाब चुनावों में उन्हे जनता से मिलने वाला है।

उन्होंने मीडिया से हुई बातचीत में दुख जताया कि कांग्रेस, आप एवं अन्य विपक्षी पार्टियां अल्पसंख्यक वोट बैंक के लालच में सीएए के मुद्दे पर समाज का माहौल खराब करना चाहते हैं। सभी जानते हैं कि यह कानून नागरिकता देने के लिए है, वह भी धार्मिक रूप से प्रताड़ित उन लोगों को जिन्होंने 2014 तक भारत में शरण के लिए आवेदन किया है या यहां निवास कर रहे हैं। लेकिन विपक्ष जानते हुए भी झूठ बोल रहा है कि ब।। पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान के सभी अल्पसंख्यकों को नागरिकता दे रहा है। ऐसा करने के पीछे उनका उद्देश्य मुस्लिम वोट बैंक का तुष्टिकरण और समाज के अन्य वर्गों में असुरक्षा की भावना पैदा करना है। भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिभाषा में अखंड भारत के वे सभी लोग भी हैं जो परिस्थितिवश देश से बाहर रह गए और वहां धार्मिक भेदभाव से प्रताड़ित हैं। विभाजन के समय पाकिस्तान में रह गए हिंदू और सिख भाइयों की सुरक्षा की गारंटी लेनें की मांग पर स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरू सरकार से इस्तीफा दिया था। तब लियाकत अली और नेहरू के मध्य हुए समझौते में, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की चिंता करने का अधिकार वहां की मुस्लिम सरकार को देने का सरदार पटेल और कांग्रेस बड़े नेताओं ने विरोध किया था। आज इसी समझौते का परिणाम है कि वहां पर अल्पसंख्यक हिंदू, सिख और ईसाई सभी लगभग समाप्ति की ओर बढ़ रहे हैं और जो हैं वे भी धार्मिक प्रताड़ना के शिकार हैं। लिहाजा हमारा दायित्व है कि भारतवंशी होने के नाते उनकी मदद की जाए और वैध तरीके से उन्हे संरक्षण दिया जाए, जिसका संविधान में स्पष्ट उल्लेख भी है।

श्री चैहान ने केजरीवाल, कांग्रेस समेत उन तमाम विपक्षी नेताओं के इन बयानों की कड़ी निन्दा की है जिसमे उन्होंने इन शरणार्थियों को अपराधी, बलात्कारी, आतंकवादी बताया है। उन्होंने पलटवार किया, इन तीनों देशों से वहां से हजारों अल्पसंख्यक भाई बहिन दशकों से भारत में वैध रूप से शरण लिए हैं, लेकिन एक भी अपाधिक घटना उनके नाम दर्ज नहीं है। जबकि करोड़ों रोहंगिया मुसलमान अवैध घुसपैठ कर भारत में रहकर आतंकवादी एवं अपराधी घटनाओं में लिप्त पाए जा रहे हैं, लेकिन उन्हे कोई विपक्षी नेता बाहर निकालने की बात नही करता है। बल्कि उनको देश में बसाने और अन्य जरूरी अधिकार देने की मांग करता रहता है। ऐसा करने के पीछे वजह साफ है कि उनको संरक्षण देकर समुदाय विशेष को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना। लेकिन ऐसा करते समय उनका पड़ोसी देशों से आए शरणार्थियों को खुलेआम बलात्कार, अपराध और आतंकवादी बताने की कोशिश करना समूचे हिंदू, सिख, ईसाई और पारसी समाज का सरासर अपमान है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष को तुष्टिकरण की राजनीति से रोकना संभव नही, लेकिन ऐसा करने के लिए बहुसंख्यक एवं अन्य समाज को लेकर भ्रम और झूठ फैलाने को किसी भी तरह से देश स्वीकार नहीं करने वाला है। समाज का माहौल खराब करने की इस राजनैतिक साजिश का जवाब देश की जनता, लोकसभा चुनाव में अवश्य देने वाली है।

## विधिक साक्षरता शिविर में पुलिस ने छात्र/छात्राओं को दी नशा, साइबर व अन्य सामाजिक कुरीतियों की जानकारी

**उत्तरकाशी, ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के तत्वधान




में विधिक सेवा प्राधिकरण व उत्तरकाशी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आज 14.03.2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर मे स्कूली छात्र/छात्राओं को नशा,साइबर व अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जानकारी देकर जागरुक किया गया। शिविर में प्राधिकरण की सचिव श्रीमती श्वेता राणा चौहान द्वारा छात्र/छात्राओं को नशे के कुप्रभाव के प्रति सजग करते हुये नशे से दूर रहकर अपने कैरियर पर फोकस करने के लिए मार्गदर्शन किया गया साथ ही विधिक अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। प्रभारी महिला काउंसलिंग सेल उ0नि0 गीता द्वारा कॉलेजी छात्र/छात्राओं को साइबर, महिला व बाल अपराधों के प्रति सचेत करते हुये डायल 112, साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 व उत्तराखण्ड पुलिस एप्प के गौरा शक्ति मॉड्यूल की जानकारी प्रदत्त की गयी। कार्यक्रम में पी0जी0 कॉलेज के सम्मानित प्रवक्ता, डुण्डा चौकी प्रभारी उ0नि0 तस्लीम आरिफ, चौकी प्रभारी बाजार उ0नि0 दीपशिखा सहित जिला प्राधिकरण की टीम मौजूद रही।

# धोखेबाजी में लिप्त पीसी उपाध्याय गिरफ्तार



**देहरादून ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के विरूद्व सख्त कार्यवाही किये जाने के लिये दिये गये निर्देशों के क्रम में धोखेबाजी में लिप्त पी0सी0 उपाध्याय को देहरादून से गिरफ्तार किया गया है और उनके सहयोगी सौरव वत्स को राजस्थान के भीलवाडा के मुकदमें में गिरफ्तार किया गया है।

वादी रामकेवल पुत्र रामलखन निवासी प्रोपराईटर जे0आर0 फर्मासुयूटिकल प्लॉट नम्बर 27 सिडकुल हरिद्वार के साथ अभियुक्त प्रकाश चन्द्र उपाध्याय पुत्र स्व0 भस्करानन्द उपाध्याय निवासी 4 एफ लेन न0 4 कलिंका विहार मोहकमपुर थाना नेहरु कालोनी देहरादून द्वारा टेंडर दिलाने के नाम पर 52 लाख रूपये की ठगी करने के सम्बन्ध में कोतवाली नगर देहरादून में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया कि उसके परिचित सौरभ शर्मा उर्फ सौरभ वत्स के माध्यम से उसकी मुलाकात राम केवल पुत्र राम लखन प्रोपराइटर जूनियर फार्मास्यूटिकल्स प्लॉट नंबर 27 सेक्टर 7 सिडकुल हरिद्वार उत्तराखंड से हुई, जो दवाई सप्लाई का टेंडर दिलाने के बहाने उसे अभियुक्त के पास सचिवालय में लाया था, अभियुक्त व सौरभ वत्स के द्वारा फर्जी सूचना मैमो जो सौरभ वत्स के हस्ताक्षर से जारी किये गये थे के आधार पर विभिन्न मदों में खर्च होने वाली कुल 51,74,440 रुपये की राशि का फर्जी बिल बनाकर राम केवल को दिये थे। जिसको देखकर रामकेवल को यकीन हो गया था कि टेंडर उसके नाम से जारी हो गया है, इसके एवज में अभियुक्तो द्वारा रामकेवल से कुल 51,74,440 रुपये विभिन्न तरीके से ठग लिये थे।

# स्कूली बच्चों ने दी जिलाधिकारी सोनिका को फूलदेयी त्यौहार की शुभकामनाएं



**देहरादून ( सू.का )।** उत्तराखण्ड के लोक पर्व फूलदेयी के अवसर पर स्कूली बच्चों ने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में देहली पर फूल चढाकर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका को फूलदेयी त्यौहार की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों को चॉकलेट दी। बच्चों ने इस अवसर पर जिलाधिकारी से शहर में यातायात व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों से वादा किया कि उनका प्रयास रहेगा, कि जो मांग बच्चों द्वारा की गई है, उन्हे पूर्ण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद करते हुए फूलदेई त्यौहार के बारे में बताया कि ऋतु परिवर्तन पर बंसत ऋतु के आगमन पर फूलदेयई त्यौहार मनाया जाता है, तथा यह त्यौहार सदभावना एवं मित्रता का भी प्रतीक है, एवं पर्यावरण को संजोकर रखने के लिए प्रेरित करता है। बच्चे इस लोक पर्व में बढचढकर भाग लेते हैं, जिससे समाज में भाईचारा एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए इसका बहुत बड़ा प्रभाव होता है। फुलदेई लोक पर्व के मौके पर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को शुभकामना देते हुए उपस्थित बच्चों के साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के इस महापर्व में जनपद के सभी मतदाताओं से शत् प्रतिशत् मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, स्मार्ट सिटी पीआरओ प्रेरणा ध्यानी, कलेक्टेड्ट से रमेश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## आचार संहिता से पहले पूरी हो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांग

**देहरादून ( संवाददाता )।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने आचार संहिता लागू होने से पहले मानदेय बढ़ाने समेत अन्य मांगों के निराकरण की मांग की है। चेताया कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है कार्यकर्ता आचार संहिता हटने के बाद पुना कार्य बहिष्कार शुरू करेंगे। गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में आंगनबाड़ी कर्मचारी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत है। कई बार आंदोलन भी कर चुकी हैं। कार्यकर्ता कार्य बहिष्कार पर हैं। लेकिन अभी तक मांगें नहीं मानी गई। उन्होंने न्यूनतम मासिक मानदेय 18 हजार रुपये करने, रिटायरमेंट होने पर 10 लाख रुपये देने, 50 साल पूरे होने पर मानदेय बढ़ाने के साथ ही गोल्डन कार्ड जारी करने की भी मांग की है। उन्होंने आचार संहिता से पहले सभी मांगें पूरी करने की मांग की है। कहा कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है कि कार्यकर्ता आचार संहिता लगने के दिन कार्य बहिष्कार स्थगित करेंगे, लेकिन जैसे ही आचार संहिता हटेगी फिर से कार्य बहिष्कार पर लौट जाएंगे और बड़ा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। इस मौके पर मीनाक्षी रावत, पूनम कैंतुरा, पिंकी, ज्योतिका पांडेय, सुधा, सोनी आदि मौजूद रही।

# राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 88वीं विशेष बैठक का हुआ आयोजन

## सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ जनता को मिले, यह हो ध्येयः प्रेमचंद अग्रवाल

**देहरादून ( संवाददाता )।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 88वीं विशेष बैठक का आयोजन सोमवार को देहरादून के स्थानीय होटल में किया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हम सभी का ध्येय यही होना चाहिए कि सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ जनता को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि बैंकिंग के क्षेत्र में उत्तराखंड में पहले की अपेक्षा में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बैंक शाखाओं का खुलना दर्शाता है कि यह क्षेत्र खुशहाली की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले गरीब की चिंता की। गरीब का खाता किसी ने नहीं खोला था लेकिन उन्होंने यह कार्य सबसे पहले किया। उन्होंने कहा कि बैठक में बताया गया कि हमारे राज्य का सीडी रेशियो हिमाचल से बेहतर है लेकिन हमें यहीं नहीं रुकना है बल्कि हमें और भी अच्छा करना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमारा राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के कहे अनुसार हमारा राज्य जब 25 वर्ष का होगा तो हम देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हों, इसके लिए हमारी सरकार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य की जीडीपी वर्ष 2022-23 में 7.3 प्रतिशत रही है। इस बार हमारे द्वारा 88 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया गया जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि 2021-22 में राज्य में सीडी रेशियो 48 प्रतिशत रहा, इसे और बेहतर किया जाना चाहिए। उन्होंने ऋण वितरण में निजी बैंकों की भूमिका को और अधिक बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी तक 103 गांव ऐसे थे जहां बैंक की शाखाएं नहीं थी लेकिन अब इनमें से 88 गांव में बैंक खुल चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बहुत शीघ्र बाकी 15 बैंकों में बैंक शाखा खुल जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकों को चाहिए कि वे अपनी योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें।

बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 29 फरवरी 2024 तक मुद्रा योजना में 142 प्रतिशत, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 106, एमएसएमई में 102, एनयूएलएम में 101, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 99, पीएम स्वनिधि में 84 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की गई है। बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा सीडी रेशियो की प्रगति से भी अवगत कराया गया। भारतीय स्टेट बैंक ने 40 प्रतिशत, पंजाब नेशनल बैंक ने 39 प्रतिशत, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 49.6 प्रतिशत, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने 47.47 प्रतिशत, उत्तराखंड सहकारी बैंक ने 61.42 प्रतिशत व आईसीआईसीआई ने 58 प्रतिशत सीडी रेशियो प्राप्त किया। बैठक में वित्त सचिव दिलीप जावलकर, सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा, अपर सचिव वित्त सी रविशंकर, अपर सचिव पर्यटन पूजा गबर्याल, भारतीय रिजर्व बैंक के मुख्य महाप्रबंधक आर गिरधारन, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार बिष्ट, भारतीय स्टेट बैंक नई दिल्ली के मुख्य महाप्रबंधक कल्पेश कृष्णकांत अवासिया, भारतीय स्टेट बैंक नई दिल्ली के उपमहाप्रबंधक राजीव रत्न श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।




## जरूरमंदों को ही जारी किए जाएं राशन कार्ड-मोनिक धवन

हरिद्वार, संवाददाता। महानगर युवा इंटक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष मोनिक धवन के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर राशन विक्रेताओं की मनमानी पर रोक लगाने और अपात्रों के बजाए जरूरतमंदों को राशन कार्ड जारी करने की मांग की है। मोनिक धवन ने कहा कि सरकार राशन विक्रेताओं की मनमानी पर अंकुश लगाए और अपात्रों के बजाए वास्तविक जरूरतमंदों को राशन कार्ड जारी करे। उन्होंने कहा कि पात्र जरूरतमंद व्यक्तियों जिन्हें वास्तव में राशन कार्ड की जरूरत है, को राशन कार्ड जारी करने से मना कर दिया जाता है और अपात्रों को राशन कार्ड जारी कर दिए जाते हैं। वीरेंद्र भारद्वाज ने कहा जिन सरकारी कर्मचारियों की सालाना आय 5 लाख से ऊपर है। उनके राशन कार्ड निरस्त किए जाएं और उनके स्थान पर जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को राशन कार्ड जारी किए जाएं। महेंद्र गुप्ता और लक्ष्मी मिश्रा ने कहा जो राशन कार्ड धारक 3 महीने तक अनाज नहीं लेता है तो उसका राशन कार्ड रद्द करना चाहिए और उसकी जगह किसी जरूरतमंद को राशन कार्ड जारी करना चाहिए। पूजा अरोड़ा ने कहा कि जिन लड़कियों की शादी हो गई है और वह शहर से बाहर रह रही हैं। उनके भी नाम राशन कार्ड में चल रहे हैं तो ऐसे नाम राशन कार्ड से हटाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में विशाल, महेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र भारद्वाज, लक्ष्मी मिश्रा, पूजा अरोरा, अमित कंबोज, विकास रस्तोगी, विनोद अरोड़ा, अमन, आकाश आदि शामिल रहे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर कालेज में किया 'यूथ-टू-यूथ कनैक्ट कार्यक्रम' का आयोजन

हरिद्वार, संवाददाता। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर एसएमजेएन कालेज में आयोजित यूथ टू यूथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत मानक ब्यूरो देहरादून के अधिकारियों ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को भारतीय मानकों तथा भारतीय मानक ब्यूरो ऐप के द्वारा गुणवत्ता के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष तथा कॉलेज प्रबंध समिति के चैयरमेन श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि युवा पीढ़ी को स्वयं के साथ परिवार और समाज को भी गुणवत्ता के प्रति जागरूक करना चाहिए। भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून के अभियंता अभिषेक भारती ने भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा गुणवत्ता हेतु किये जा रहे प्रयासों तथा उपभोक्ताओं के अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनमानस में गुणवत्ता की जागरूकता न केवल आर्थिक रूप से नुकसान को रोकती है। अपितु जीवन को संकट से भी बचाती है। घरों में प्रयोग होने वाले गैस सिलेण्डर पर भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से गुणवत्ता प्रतीक इसी ओर इशारा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरों का ऐप अवश्य डाउनलोड करें क्योंकि किसी ना किसी रूप में हम सभी ग्राहक है। मानक संवर्धन अधिकारी सरिता त्रिपाठी ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी क्वालिटी कनैक्ट ऐप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्वयंसेवक इस ऐप के माध्यम से जनमानस को जागरूक कर सकेंगे। बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मानक मित्र बनाये जायेंगे। जो 25-25 छात्र-छात्राओं को जागरूक करेंगे। मानक मित्रों को रुपये पन्द्रह सौ का मानदेय भी दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भारत सरकार के उपभोक्ता मामले एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक स्वायत्तशासी निकाय है। जो उत्पाद प्रमाणन योजना के अन्तर्गत आईएसआई मार्क, हॉल मार्किंग तथा अन्य मानकों को संचालित करता है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो.सुनील कुमार बत्रा ने भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून से आयी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता के सन्दर्भ में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक पदम सिंह ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो इस तरह के अभियान चलाता है। ताकि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके। डा.सत्यनारायण शर्मा ने गुणवत्ता के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया । राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष विनय थपलियाल ने कहा कि मानकों से खिलवाड़ वास्तव में मौलिक अधिकारों से खिलवाड़ है और ये विधि का उल्लंघन है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा.संजय कुमार माहेश्वरी ने बताया कि मानकों के प्रयोग से न केवल मानव जीवन अपितु सतत विकास पर भी बल दिया जा सकता है। कार्यक्रम के अन्त में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को श्रीमहंत रविन्द्रपुरी महाराज ने को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डा.शिवकुमार चौहान, डा.पदमावती तनेजा, डा.विजय शर्मा, डा.मीनाक्षी शर्मा, डा.मोना शर्मा, रश्मि डोभाल, डा.पूर्णिमा सुन्दरियाल, डा.विनीता चौहान सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की लक्सर में वंदे भारत ट्रेन को स्टापेज देने की मांग

हरिद्वार,संवाददाता। देहरादून - लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का लक्सर में स्टॉपेज नही होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए प्रदेश महासचिव राजेश रस्तोगी के नेतृत्व में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। साथ ही जनहित में वंदे भारत ट्रेन का लक्सर में स्टापेज कराये जाने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव राजेश रस्तोगी ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी के चलते लक्सर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का स्टोपिज नही हो पाया है। जिस कारण लक्सर की जनता को ट्रेन में सवार होने के लिए हरिद्वार जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर जनता में भाजपा के विरुद्ध बहुत नाराजगी है। प्रदर्शन और ज्ञापन प्रेषित करने वालो में मुकेश सैनी, अंकित चौधरी, बीना रस्तोगी, ममता शर्मा, नीरज आदि शामिल रहे।

## कार्यकर्ताओं से चुनाव में मनोयोग से जुटने का किया अह्वान

**देहरादून ( संवाददाता )।** भाजपा ने उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा का स्वागत करते हुए, केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, सभी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता और मोदी के सिपाही हैं, अब कॉंग्रेस को जमानत बचाना भी मुश्किल होने वाला है। आज गढ़वाल और हरिद्वार सीट पर क्रमश राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र रावत की घोषणा को लेकर श्री भट्ट ने प्रसन्नता जताते हुए, समस्त कार्यकर्ताओं से चुनाव में मनोयोग से जुटने का अह्वाहन किया है।

उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी प्रत्याशियों को रिकॉर्ड जीत के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा, लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जिन्हे जिम्मेदारी सौपी हैं वे सभी पार्टी के वरिष्ठ नेता और हम सबकी की तरह मोदी जी के सिपाही हैं। हालांकि संगठन ने पहले ही तय किया हैं कि हमारा एक ही प्रत्याशी है, और वो है कमल का फूल, जिनके वाहक आज आलाकमान ने तय कर दिये हैं। अब सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को अपने प्रत्याशियों के नेतृत्व में जनता के मध्य सरकार के कामों पर मोदी जी के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने जाना हैं। उन्होने दावा किया कि, मोदी और धामी सरकार के कामों, पार्टी उम्मीदवारों के अनुभव और कार्यकर्ताओं की क्षमता के आधार हमारा सभी सीटों पर 5 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतना निश्चित है द्य साथ ही कॉंग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, उनके उम्मीदवारों के लिए जमानत बचाना भी मुश्किल होने वाला है।



# मुख्यमंत्री आवास में धूमधाम से मनाया गया लोकपर्व फूल देई



**देहरादून ( संवाददाता )।** उत्तराखंड का लोकपर्व फूलदेई मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री ने सपरिवार धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री आवास में रंग बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने देहरी में फूल व चावल बिखेरकर पारंपरिक गीत फूल देई छमा देई, जतुक देला, उतुक सई, फूल देई छमा देई, देड़ी द्वार भरी भकार गाते हुए त्योहार की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को फूल देई के त्योहार की हार्दिक बधाई व शुभकामनायें देते हुए देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि लोकपर्वों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है।

# गोर्खाली सुधार सभा के जीर्णोद्वार कार्य का शिलान्यास किया

**देहरादून ( संवाददाता )।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को गोर्खाली सुधार सभा सभागार, गढ़ी कैंट में मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत रू.98.18 लाख की लागत से गोर्खाली सुधार सभा के जीर्णोद्वार कार्य का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि गढ़ी डाकरा में पेयजल की सुचारू उपलब्धता। सामुदायिक भवन का निर्माण, वीरपुर पुल का निर्माण। विद्युत बिल जमा करने का सेंटर स्थापित, लाइट, खंबे चैकों का सौंदर्यकरण। छावनी अस्पताल का उच्चीकरण, गोरखाली सुधार सभा में कंप्यूटर आदि जैसे कार्य किए जा चुके है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में सरकार प्रदेश का चहूंमुखी विकास सुनिश्चित करने के लिए विकल्प रहित संकल्प के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम योजनाओं को धरातल पर उतारने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरु की गई है। किसानों से लेकर जवान तक और शहर से लेकर गांव तक हर वर्ग और क्षेत्र के लिए लगातार काम कर रही है। इस अवसर पर गोर्खली सुधार सभा अध्यक्ष पदम थापा, मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, कमली भट्ट, सुरेंद्र राणा, संध्या थापा,विष्णु गुप्ता, प्रभा शाह, राजन क्षेत्री, वंदना बिष्ट, ब्रिगेडियर पी.एस.गुरुंग सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# 56 दिनों का निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर 8 अप्रैल से दून में

**देहरादून ( संवाददाता )।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद भट्ट ने अवगत कराया है कि गढ़वाल मंडल एवं कुमांऊ मंडल के भूतपूर्व सैनिकों सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना, नौ सेना, वायुसेना एवं पुलिस व अर्धसैनिक बल में भर्ती हेतु 08 अप्रैल 2024 से 56 दिनों का निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राज्य सैनिक विश्रामगृह देहरादून में किया जायेगा।

जनपद देहरादून के प्रशिक्षणार्थियों का चयन 03 अप्रैल 2024 से 06 अप्रैल 2024 तक 'भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर' राज्य सैनिक विश्राम गृह, 15 -सी कालिदास मार्ग, हाथीबडकला, देहरादून में किया जायेगा। बाकी अन्य जनपदों के प्रशिक्षणार्थियों का चयन 01 अप्रैल से 06 अप्रैल 2024 तक सम्बन्धित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा चयनित कर प्रशिक्षणार्थियों को भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर राज्य सैनिक विश्राम गृह 15-सी कालीदास मार्ग हाथीबड़कला देहरादून में 07 अप्रैल 2024 तक भेजना सुनिश्चित करेगें ।प्रशिक्षण के लिए आयु साढे सत्रह वर्ष से 21 वर्ष, शैक्षिक योग्यता मैट्रिक पास (45 प्रतिशत अकों से) हों (भारतीय मूल के गोरखा हेतू केवल 10वीं पास) है। वजन 46 कि0 ग्रा0 तथा सीना 77-82 से0 मी0 होना चाहिए। उम्मीदवार के पास चिकित्सा प्रमाणपत्र, पिता की डिस्चार्ज बुक, रिकार्डस ऑफिस का पार्ट-2 आर्डर एवं इण्डेमिनिटी बॉडं साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। (मो0 न0 7895148803, 9410321614, 8192814463)।

# गोवर्धन की पूजा, परिक्रमा और दर्शन से नष्ट हो जाते हैं समस्त पाप-पंडित पवन कृष्ण शास्त्री

हरिद्वार,संवाददाता। आर्यनगर ज्वालापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने ब्रज मंडल में स्थित गोवर्धन की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि एक बार पुलस्त्य मुनि भ्रमण करते हुए द्रोणाचल पर्वत पर जा पहुंचे तो द्रोणाचल पर्वत के पुत्र गोवर्धन पर्वत को देख कर के उनके मन में विचार आया कि गोवर्धन को काशी नगरी ले जाकर स्थापित किया। द्रोणाचल पर्वत एवं गोवर्धन पर्वत दोनों ने विचार किया यदि पुलस्त्य मुनि की आज्ञा का पालन नहीं किया तो मुनि श्राप दे देंगे। गोवर्धन ने पुलस्त्य मुनि के सामने शर्त रखी कि आप जहां भी मुझे स्थापित करोगे मैं वहां से आगे नहीं बढूंगा। पुलस्त्य मुनि ने गोवर्धन की इस शर्त को स्वीकार करके अपनी हथेली के उसे धारण किया और आकाश मार्ग से काशी नगरी के लिए प्रस्थान किया। गोवर्धन ने जब ब्रज मंडल को देखा तो स्मरण आया कि यहां पर मेरे प्रभु श्री कृष्ण का प्राकट्य होने वाला है। मुझे कृष्ण लीला में सम्मिलित होना है। गोवर्धन ने अपना वजन बढ़ाया पुलस्त्य मुनि शर्त को भूल गए और गोवर्धन को नीचे रखकर विश्राम करने लगे। विश्राम करने के बाद जब उन्होंने गोवर्धन को उठाना चाहता तो गोवर्धन नहीं उठे। गोवर्धन ने कहा कि आपके और हमारे बीच जो शर्त हुई थी। उसको याद कीजिए शर्त के अनुसार अब मैं यहीं रहूंगा। यह सुनकर पुलस्त्य मुनि को क्रोध आ गया और गोवर्धन को श्राप दिया कि आज से तुम प्रतिदिन तिल-तिल घटते जाओगे। जिस दिन तुम्हारा अस्तित्व मिट जाएगा। उसी दिन महाप्रलय होगा। तभी से गोवर्धन प्रतिदिन तिल-तिल घट रहे हैं। गोवर्धन का यह समर्पण देखकर स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन का पूजन किया और सभी ब्रज वासियों से गोवर्धन का पूजन कराया। भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि जो भी गोवर्धन का पूजन, परिक्रमा गोवर्धन और दर्शन करेगा। उसके समस्त पाप नष्ट हो जाएंगे और वह वैकुंठ लोक का अधिकारी बन जाएगा। देवराज इंद्र ने भी गोवर्धन का पूजन एवं गोवर्धन की परिक्रमा की। इस अवसर पर मुख्य जजमान संध्या गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, वसुधा गुप्ता, तुषार सिंघल, वन्या सिंघल, युवान सिंघल, विष्णु प्रसाद सरार्फ, उपेंद्र कुमार गुप्ता आदि ने भागवत पूजन किया।

# एनडीपीएस के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिद्वार,संवाददाता। थाना पथरी पुलिस ने एनडीपीएस के मामले में फरार चल रहे स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते वर्ष मई में पुलिस ने 266 ग्राम स्मैक समेत सद्दाम उर्फ गुल्लु पुत्र सलीम निवासी कासमपुर को गिरफ्तार किया था।

पूछताछ में उसने तस्करी में शामिल अपने दो अन्य साथियों के नाम पुलिस को बताए थे। जिनकी पुलिस तलाश कर रही थी। पूछताद में प्रकाश में आए फरार चल रहे कासमरपुर निवासी हाफिज सुलेमान पुत्र दिलशाद के खिलाफअदालत गैर जमानती वारंट जारी किए थे। तलाश में जुटी पुलिस ने उसे रायपुर दरेड़ा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसआई नवीन चौहान, एसआई रोहित कुमार, कांस्टेबल अनिल पंवार, सुखविन्दर, दीपक चौधरी शामिल रहे।

## सतपुली बाजार में लगी भीषण आग, 12 दुकानें हुई जलकर खाक

**पौड़ी ( संवाददाता )।** सतपुली बाजार में बीती देर रात 12 दुकानों में आग लगने से अफरा तफरी मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर सर्विस ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकानों में रखा हुआ सारा माल जलकर खाक हो चुका था। हालांकि आग लगने से कोई जनहानि तो नहीं हुई है। लेकिन नुकसान की आंशका एक करोड़ से अधिक की जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 8 बजकर 15 मिनट पर सतपुली मुख्य बाजार में अचानक दुकानों पर आग लग गई। जिसके बाद एक के बाद एक दुकान आग की चपेट में आ गई। आग की सूचना जब पुलिस को मिली तो एसएसपी श्वेता चैबे ने तत्काल पुलिस व फायर सर्विस को घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश जारी किए। एसएसपी ने बताया कि आग के कारण 12 अस्थाई खोके पूर्ण रूप से जल गए हैं। प्रथम दृष्टा घटना शॉर्ट सर्किट होने से हुई है। आग लगने से प्रभावित होने वाले दुकानदारों के नाम दीपक पवार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी सतपुली बाजार, कॉस्मेटिक की दुकान, मनोज नैनवाल निवासी सतपुली, कॉस्मेटिक की दुकान, युसूफ पुत्र यामिन निवासी सतपुली नाई की दुकान, इरफान पुत्र मोहम्मद उमर फल विक्रेता, नईम पुत्र बाबू निवासी सतपुली फल विक्रेता, मोहम्मद राजा पुत्र इमामुद्दीन फल विक्रेता, नईम पुत्र अब्दुल रशीद दुकान हैंडलूम, राजेंद्र प्रसाद बौंठियाल कापी किताब की दुकान, हसीब निवासी सतपुली फर्नीचर की दुकान, दीपक डबराल पुत्र शालिग्राम घड़ी की दुकान, सशांक घिल्डियाल निवासी सतपुली टूर एंड ट्रैवल व छोटू गुप्ता पुत्र मैहर चंद गुप्ता निवासी सतपुली कॉस्मेटिक की दुकान बताये जा रहे है।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**चमोली ( संवाददाता )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में बुधवार को अर्थशास्त्र विभाग की विभागीय परिषद द्वारा निबन्ध पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबन्ध प्रतियोगिता में करिश्मा एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, रिया साह बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर, ने द्वितीय स्थान, साधना कोठियाल बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । भाषण प्रतियोगिता में आरती, एम0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर, ने प्रथम स्थान, राहुल सिंह रावत एम0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं अभिनव पुरोहित बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर, ने तुतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में करिश्मा एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, लता एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान, रिया साह बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।
**सम्पादकः अवनीश कुमार, मो0 9410553400**
ई-मेलः liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।